# आकांक्षी विकासखंडों में "Aspirational Blocks Fellow" (ABP फ़ेलो) की नियुक्ति हेतु संयुक्त विज्ञप्ति सूचना एवं विवरण

नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के कार्यान्वयन में जिला और विकासखण्ड प्रशासन की सहायता, गतिविधियों की योजना तैयार करना, उनका कार्यान्वयन और निगरानी तथा सभी हितधारकों की भागीदारी की गुणवत्ता में सुधार करने में सहयोग करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के संलग्न सूची अनुसार आकांक्षी विकासखंडों में प्रत्येक विकासखण्ड पर एक "Aspirational Blocks Fellow" (ABP फ़ेलो) की नियुक्ति किया जाना है।

**शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएँ :-**

1. आवेदक का किसी भी विषय में स्नातकोत्तर (postgraduate) होना अनिवार्य है।
2. आवेदक की आयु 1 जनवरी 2024 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए।
3. आवेदक को डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुती कौशल (data analysis and presentation skills) में निपुण तथा प्रोजेक्ट मेनेजमेंट (project management) में दक्ष होना चाहिए।
4. आवेदक को सोशल मीडिया के उपयोग से पूर्ण परिचित होना चाहिए।
5. आवेदक को विकास संगठन (development organizations) के साथ कार्य / इंटर्नशिप का अनुभव तथा communication skills में दक्ष होना चाहिए।
6. आवेदक को संबंधित विकासखण्ड का स्थानीय बोली का ज्ञान होना चाहिए एवं आवेदक को हिन्दी, अंग्रेजी (English) बोलना एवं लिखने की दक्षता होना चाहिए।
7. Development/ Rural Stream में उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी|

## चयन हेतु मापदंड निम्नानुसार है:

| Sno. | Description | Max Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|---|
| 1. | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री / Post Graduate degree in any discipline from a recognized institution | 50 | प्रार्थी के स्नातकोत्तर डिग्री में प्राप्तांक प्रतिशत का 50% अंक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से डेटा विश्लेषण / कंप्यूटर शिक्षा में डिग्री/ डिप्लोमा/ कोर्स प्रमाणपत्र / degree/ diploma/ certificate course in data analysis / computers from any recognized institute | 10 | डिग्री - 10 अंक<br>डिप्लोमा - 7 अंक<br>कोर्स प्रमाणपत्र 1 वर्ष - 5 अंक<br>कोर्स प्रमाणपत्र छः माह से 1 वर्ष के बीच - 3 अंक |
| 3. | परियोजना प्रबंधन कौशल से संबंधित कोर्स या कार्य अनुभव (शासन / मान्यता प्राप्त संस्थान का प्रमाणपत्र ही मान्य होगा)/ Certificate related to Project Management skills or work by (certificate of government / any recognized institute shall be considered) | 5 | 6 माह तक - 1 अंक<br>6 माह से 1 वर्ष - 3 अंक<br>1 वर्ष से 3 वर्ष - 5 अंक |
| 4. | किसी शासकीय या मान्यता प्राप्त विकास संस्था के साथ कार्य करने/इंटर्नशिप का अनुभव प्रमाणपत्र / Experience certificate of working/internship with a recognized Development Organization | 10 | 6 माह से 1 वर्ष तक - 3 अंक<br>1 से 3 वर्ष - 5 अंक<br>3 से 5 वर्ष - 7 अंक<br>5 वर्ष से अधिक - 10 अंक |
| 5. | मध्यप्रदेश के निवासी / domicile | 10 | संबंधित जिले का निवासी - 10 अंक<br>अन्य जिले का निवासी - 5 अंक |
| 6. | साक्षात्कार / interview | 15 | 15 अंक |
| | योग | 100 | |

**चयन प्रक्रिया:**

1. आवेदन पत्र (application form) संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. आवेदन पत्र दिनांक 15.01.2024 से संबंधित कलेक्टर को email id से प्रेषित किए जा सकते है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29.01.2024 है। नियत समय अवधि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
3. जिले द्वारा चयन हेतु मापदंड की तालिका में अनुक्रमांक 1 से 5 में नियत मापदंड अनुसार वरीयता सूची तैयार की जावेगी।
4. आवेदकों में से मापदंड अनुसार वरियता के आधार पर प्रथम 10 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
5. अर्हता हेतु मापदंड अनुसार चुने हुए (shortlisted) आवेदकों को संबंधित ज़िला कलेक्टर कार्यालय द्वारा साक्षात्कार हेतु कम से कम 7 दिवस पूर्व सूचना प्रदान की जावेगी।

6. यदि आवेदक एक से अधिक जिलों में साक्षात्कार हेतु पात्रता हासिल करता है तथा साक्षात्कार तिथि समान होती है तो संबंधित के साक्षात्कार हेतु नियत तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।
7. साक्षात्कार सहित चयन मापदंड के अनुसार अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर अंतिम वरीयता सूची प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी तथा वरीयता के आधार पर चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी।
8. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी। जिले की आवश्यकता तथा संबंधित का कार्य संतोषजनक पाए जाने पर इस अवधि को अधिकतम एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।
9. आवेदक जिस विकासखण्ड हेतु आवेदन करना चाहता है उस विकासखण्ड से संबंधित जिले के कलेक्टर को संलग्न सूची अनुसार ईमेल पते पर अपना आवेदन प्रेषित करना होगा। आवेदन के ईमेल का विषय **"application for ABP Fellow - (Name of Block/blocks and District)"** अंकित करना होगा।
10. अगर एक ही जिले में एक से अधिक आकांक्षी विकासखण्ड है तो अभ्यर्थी उन विकासखण्डों के नाम का उल्लेख करते हुए संयुक्त आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। किन्तु अन्य जिलों के विकासखण्डों हेतु पृथक से आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक होने की स्थिति में Development/ Rural Stream में उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी|
12. एक डिग्री/ डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र को एक किसी एक मापदंड में ही अंक प्रदाय किए जायेंगे।
13. ABP fellow नियुक्ति हेतु विकासखंडों की सूची (list of blocks) एवं आवेदन (applications) प्रस्तुत करने हेतु E-mail ID निम्नानुसार है:

**Madhya Pradesh**

**List of Aspirational Blocks Program - Districts wise ABP fellow engagement**

| S.No. | Block | District | No. of Post | Email id for sending application |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Kattiwada | Alirajpur | 1 | dmalirajpur@mp.gov.in |
| 2 | Udaigarh | | 1 | |
| 3 | Pushprajgarh | Anuppur | 1 | dmanuppur@nic.in |
| 4 | Gohad | Bhind | 1 | dmbhind@nic.in |
| 5 | Tendukheda | Damoh | 1 | dmdamoh@nic.in |

| S.No. | Block | District | No. of Post | Email id for sending application |
|---|---|---|---|---|
| 6 | Tirla | Dhar | 1 | dmdhar@nic.in |
| 7 | Bajag | Dindori | 1 | dmdindori@nic.in |
| 8 | Karanjia | | 1 | |
| 9 | Mehndwani | | 1 | |
| 10 | Bamori | Guna | 1 | dmguna@nic.in |
| 11 | Meghnagar | Jhabua | 1 | dmjhabua@nic.in |
| 12 | Rama | | 1 | |
| 13 | Ranapur | | 1 | |
| 14 | Thandla | | 1 | |
| 15 | Rithi | Katni | 1 | dmkatni@nic.in |
| 16 | Chhaigaon Makhan | Khandwa | 1 | dmkhandwa@nic.in |
| 17 | Bhagvanpura | Khargone | 1 | dmkhargone@nic.in |
| 18 | Ziranya | | 1 | |
| 19 | Pahadgarh | Morena | 1 | dmmorena@nic.in |
| 20 | Prithvipur | Niwari | 1 | dmniwari-mp@mp.gov.in |
| 21 | Ajaigarh | Panna | 1 | dmpanna@nic.in |
| 22 | Zirapur | Rajgarh | 1 | dmrajgarh@nic.in |
| 23 | Bajna | Ratlam | 1 | dmratlam@nic.in |
| 24 | Majhgawan | Satna | 1 | dmsatna@nic.in |
| 25 | Rampur Baghelan | | 1 | |
| 26 | Pali 1 (Gohparu) | Shahdol | 1 | dmshahdol@nic.in |
| 27 | Karahal | Sheopur | 1 | dmsheopur@nic.in |
| 28 | Sheopur | | 1 | |
| 29 | Vijaypur | | 1 | |
| 30 | Baldeogarh | Tikamgarh | 1 | dmtikamgarh@gmail.com |
| 31 | Manpur | Umaria | 1 | dmumaria@nic.in |
| 32 | Pati | Barwani | 1 | Visit dmbarwani.com/abppati |

**आवेदन जमा करने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-**

| | |
|---|---|
| पद का नाम / Name of Post | आकांक्षी ब्लाक फेलो / Aspirational Blocks Fellow |
| पद संख्या / number of post | उक्त प्रत्येक विकासखण्ड के लिए एक पद / one post at each Block as per above table |
| मानदेय प्रतिमाह / Monthly Stipend | 55,000 /- (रूपए पचपन हजार) 55,000 /- (Fifty five thousand) |

| | |
|---|---|
| आवेदन जमा करने हेतु ईमेल आई.डी. / Applications to be emailed at | उक्त तालिका अनुसार ईमेल आई.डी. संबंधित जिले के "कलेक्टर" को संबोधित / email id of concerned district as per above table addressed to “Collector” |
| ईमेल आई.डी. का विषय / Subject of Email | विषय में **“Application for ABP Fellow (Name of Block/blocks, District)”**/ in Subject field of email **“Application for ABP Fellow (Name of Block/blocks, District)”** |

आवेदन पत्र प्रारूप (application form format) को डाउनलोड कर, भरकर हस्ताक्षर उपरांत स्कैन कॉपी समस्त संलग्नकों (अँकसूची, प्रमाणपत्र आदि) सहित 1 PDF/पी.डी.एफ़. बनाकर नियत समयावधि में ईमेल किया जाना अनिवार्य है।

**अन्य शर्तें:-**

1. उक्त पद पर नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित रु. 55000/- प्रतिमाह के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
2. साक्षात्कार के समय उम्मीदवारों को अपना मूल शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करने होंगे
3. नीति आयोग को भविष्य में aspirational blocks fellow की आवश्यकता न होने पर या कार्यक्रम बंद होने की दशा में ABP fellow की नियुक्ति बिना पूर्व सूचना के कभी भी निरस्त की जा सकती है।
4. ABP fellow नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित जिले का है तथा चयन प्रक्रिया संबंधित कलेक्टर के मार्गदर्शन में ही संपादित की जावेगी।
5. नियुक्ति की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर को होगा, जो सभी आवेदकों के लिए बाध्यकारी होगा।
6. संबंधित जिलों के अनुरोध पर ABP fellow नियुक्ति हेतु यह संयुक्त विज्ञप्ति राज्य स्तर से जारी की जा रही है।

**प्रशासनिक अधिकारी**
**मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग**
**भोपाल**